FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट दिनांक 09-12-2024 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।

थाना टूण्डला पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा मु0अ0सं0 669/24 में वांछित 06 शातिर लुटेरों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार, पुलिस मुठभेड़ में 02 अभियुक्त पैर में गोली लगने से हुए घायल ।

▶ **अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा, 04 जिंदा कारतूस, 02 खोखा कारतूस, लूट में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल एवं लूटी गयी पल्सर मोटरसाइकिल बरामद ।**

▶ **अभियुक्तगण 1.अनार सिंह व 2.शीलेन्द्र पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से हुए घायल ।**

दिनांक 05-12-2024 को वादी द्वारा नवाब चौराहा के पास से वादी की मोटरसाइकिल तथा मोबाइल अज्ञात अभियुक्तों द्वारा लूट/चोरी करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी जिसके आधार पर थाना टूण्डला पर मु0अ0स0 669/2024 पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में मु0अ0सं0 669/2024 धारा 303(2), 307(4) बीएनएस के अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था इसी क्रम में थाना टूण्डला पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम को चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि बैंदी की पुलिया से आगे गैल गैस के पास 06 संदिग्ध अभियुक्त डकैती/चोरी की योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना का संज्ञान लेकर थाना टूण्डला पुलिस टीम मौके पर पहुँची तो योजना बना रहे संदिग्ध अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया गया परन्तु पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में 02 अभियुक्तों के पैर में गोली लग गयी जिन्हे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया तथा 04 अन्य अभियुक्त मौके से भाग रहे थे जिनको पुलिस टीम द्वारा काम्बिंग व घेराबंदी कर भागने के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

घायल अभियुक्तों की पहचान 1. अनार सिंह पुत्र मेवाराम, 2. शीलेन्द्र पाल पुत्र किशनपाल सिंह के रूप में हुई है तथा काम्बिंग में गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान उक्त अभियुक्तगण मु0अ0सं0 669/24 में वांछित अभियुक्तगण है । अभियुक्तों के पास से 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय 04 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतूस व लूटी गयी पल्सर मोटरसाइकिल एवं लूट / चोरी की घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. अनार सिंह पुत्र मेवाराम निवासी भोगपुर थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी।
2. शीलेन्द्र पाल पुत्र किशनपाल सिंह निवासी ग्राम रटौली थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
3. ईशू पुत्र धर्मवीर निवासी राजापुर थाना सौंरिख जनपद कन्नौज।
4. गौतम कुमार पुत्र सुघर सिंह निवासी सत्यनगर टापाकलां थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
5. गुलशन उर्फ पीलू पुत्र चन्द्रभान निवासी राजापुर थाना सौंरिख जनपद कन्नौज।
6. लौकेन्द्र पुत्र सुशील जलेसर जनपद एटा।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त अनार सिंह उपरोक्त –

1. मु0अ0स0 350/2007 धारा 393/302 भादवि थाना हरिपर्वत जनपद आगरा।
2. मु0अ0स0 351/2007 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना हरिपर्वत जनपद आगरा।
3. मु0अ0स0 352/2007 धारा 419/420 भादवि थाना हरिपर्वत जनपद आगरा।
4. मु0अ0स0 116/2005 धारा 393/394/307 भादवि थाना उरई जनपद जालोन।
5. मु0अ0स0 399/2006 धारा 392/506 भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद मैनपुरी।
6. मु0अ0स0 633/2007 धारा 392/506 भादवि थाना कुरावली जनपद मैनपुरी।
7. मु0अ0स0 420/2006 धारा 379 भादवि थाना कुरावली जनपद मैनपुरी।
8. मु0अ0सं0 292/23 धारा 394 भादवि थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
9. मु0अ0सं0 293/23 धारा 394 भादवि थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण-

1. 02 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 04 जिंदा कारतूस 315 बोर।
3. 02 खोखा कारतूस 315 बोर।
4. लूटी गयी पल्सर मोटरसाइकिल।
5. लूट में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल।